Need to open a Sainik School in Farrukhabad Parliamentary Constituency-Laid

श्री मुकेश राजपूत (फर्रूखाबाद): सरकार ने देश भर में 100 नये सैनिक स्कूल खोलने का संकल्प लिया है, जिसका उद्देश्य छात्रों को राष्ट्रीय शिक्षा निति के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर उन्हें सैन्य वलों में शामिल होने हेतु बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है । 21 सैनिक स्कूलों की स्थापना हेतु मंजूरी भी दे दी गयी है । मैं देश के रक्षा मंत्री जी से निवेदन करता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र फर्रुखाबाद में भी एक सैनिक स्कूल खुलवाने का कष्ट करें । मेरे संसदीय क्षेत्र में दो बड़े रेजीमेंट्स सेंटर भी हैं । एक राजपूत रेजीमेंट सेंटर और सिखलाई रेजीमेंट सेंटर जहाँ से निकले कई वीरों ने देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए अपनी जान तक न्योछावर कर दी है । मेरे संसदीय क्षेत्र के एक युवा सिपाही श्री अलोक दुबे जी को उनके पराक्रम और साहस के लिए शौर्य चक्र से सम्मानित भी किया गया है । यदि मेरे संसदीय क्षेत्र में सैनिक स्कूल खुल जाता है, तो क्षेत्र के होनहार युवाओं को सैन्य अध्ययन के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा एवं दलित, शोषित, गरीब युवाओं को अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन का सुनहरा अवसर प्राप्त होगा ।